




## जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम :भूपेन्द्र यादव

कुनाल जाादौन

**श्योपुर, 28 फरवरी ।** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चीता रिलीज कार्यक्रम उपरांत बोत्सवाना से आये चीता विशेषज्ञ दल से भेंट कर चर्चा की गई, साथ ही इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

केन्द्रीय मंत्री यादव ने बोत्सवाना से लाये गये चीतों के कूनो नेशनल पार्क में रिलीज कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह बोत्सवाना और भारत के बीच जैव विविधता संरक्षण की एक ऐतिहासिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन की दिशा में कई देश साथ आये है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल और प्रयासों से भारत में चीतों के प्रतिस्थापन की योजना पूरी तरह से सफल रही है। भारत में चीता प्रोजेक्ट को साढे तीन साल का समय हो गया है। कूनो नेशनल पार्क में चीतो का कुनबा निरंतर बढ रहा है, वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 48 हो गई है, जिनमें 45 कूनो नेशनल पार्क और 3 गांधी सागर अभ्यारण में है। केन्द्रीय वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि भारत के प्रयासों से विश्व में जैव विविधता संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है और 97 देश इस मंच के सदस्य बन गये है।

### भारत में चीतों की वर्तमान स्थिति

बोत्सवाना से 9 चीतों के आने के बाद अब देश में कुल चीतों की कुल संख्या 48 हो गई है, इनमें 45 कूनो नेशनल पार्क में और 3 गांधी सागर अभयारण्य में है। सबसे पहले 17 सितंबर 2022 को लाए गए 8 नामीबियाई चीतों में से 3 स्थापित हैं तथा उनके 17 भारतीय जन्मे शावकों सहित कुल नामीबियाई मूल की स्थापित आबादी 20 हो गई है। 18 फरवरी 2023 को लाए गए 12 दक्षिण अफ्रीकी चीतों में से 8 स्थापित हैं तथा उनके 11 भारतीय जन्मे शावकों सहित कुल दक्षिण अफ्रीकी मूल की स्थापित आबादी 19 हो गई है। इनमें से 16 कूनो में एवं 3 गांधी सागर में हैं।

## पीएमश्री स्कूलों की समीक्षा बैठक आयोजित




**श्योपुर, 28 फरवरी।** भारत सरकार पर्यावरण विभाग नई दिल्ली के संयुक्त सचिव एवं पीएमश्री स्कूलों के लिए जिले के नोडल नीलेश कुमार शाह ने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उन्हें कम्प्युटर फ्रेंडली बनाया जायें। व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत कौशल उन्नयन किया जायें और बेहतर तरीके से आगे बढने के लिए काउंसलिंग की जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पीएमश्री स्कूलों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल दीपक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक संचालक यश जैन, बीईओ श्योपुर श्रीमती मधु शर्मा, कराहल प्रदीप श्रीवास्तव सहित पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। भारत सरकार पर्यावरण विभाग नई दिल्ली के संयुक्त सचिव एवं पीएमश्री स्कूलों के लिए जिले के नोडल नीलेश कुमार शाह ने कहा कि सभी विद्यालयों में आईटीसी लैब का संचालन व्यवस्थित तरीके से किया जायें और विद्यार्थियों को कम्प्युटर संचालन अंतर्गत प्रशिक्षित किया जायें। बैठक से पूर्व संयुक्त सचिव पर्यावरण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली नीलेश कुमार शाह द्वारा शासकीय पीएमश्री हाईस्कूल गोहेडा का भ्रमण भी किया गया।

### फूड सेफ्टी विभाग ने लिये मावा, देशी घी, बेसन लड्डू के सैम्पल



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बडौदा एवं श्योपुर में 4 फर्मो से सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महादेव दूध डेयरी धर्मशाला के पास बडौदा से मावा एवं देशी घी, खटीक मोहल्ला बडौदा स्थित महाकाल दूध डेयरी से मावा एवं बागर तिराहा बडौदा स्थित प्रजापति मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फी, बेसन लड्डू, गुलाब जामुन, मूंगदाल बर्फी तथा पाली रोड श्योपुर स्थित क्षेत्रपाल दूध डेयरी से मावा, देशी घी के नमूने लिये गये है। उक्त सैम्पलों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

### रेत के अवैध भण्डारण पर प्रशासन की कार्यवाही



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार खनिज, वन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए बगदीया में 200 ट्रॉली (करीब 600 घन मीटर) रेत के अवैध भण्डारण को नष्ट करने की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर कडी कार्यवाही के निर्देशो के क्रम में आज पुलिस,वन एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ग्राम बगदीया में 200 ट्रॉली रेत के अवैध भण्डारण को जब्त करने तथा अवैध रेत के विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। रेत को जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर विनिष्किरण करते हुए नष्ट किया गया है।

### खनिज के अवैध परिवहन पर डम्पर जब्त



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए खनिज का अवैध परिवहन कर रहे डम्पर को जब्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा राजेश कुमार गंगेले ने बताया कि ढोढर-बगदीया रोड पर अवैध परिवहन की जांच के दौरान बगैर रॉयल्टी के अवैध रूप से गिट्टी खनिज ले जा रहे डम्पर को जब्त कर पुलिस थाना ढोढर की अभिरक्षा में दिया गया है। इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। डम्पर चालक का नाम अर्जुन आदिवासी निवासी मोहना बताया गया है।

## रन्नौद में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**श्योपुर, 28 फरवरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत श्योपुर द्वारा मेरा युवा भारत श्योपुर के जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम रन्नोद में किया गया।

इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र कुमार सहायक प्राध्यापक शासकीय पीजी कॉलेज, डॉ करण सिंह सहायक प्राध्यापक, मिडिल स्कूल रन्नौद के प्रधानाध्यापक जस्तराम मीणा एवं शिक्षक लोकेश दोहरे उपस्थित रहे।

रन्नोद श्योपुर में किया गया ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिकाओं ने भाग लिया, विजेता बालक बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। दौड प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम स्थान कु सिमरखा मीणा, द्वितीय स्थान कु रेनू नायक, तृतीय स्थान कु खुशी मीणा ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान विष्णु मीणा, द्वितीय स्थान पवन योगी, तृतीय स्थान रोहित बैरवा ने प्राप्त किया इसी प्रकार गोला फेंक के महिला वर्ग में प्रथम स्थान कु परीना मीणा, द्वितीय स्थान कु सिमरखा मीणा, तृतीय स्थान कु संगीता मीणा ने एवं में पुरुष वर्ग प्रथम स्थान बलराम नायक, द्वितीय स्थान अंकित मीणा, तृतीय स्थान विवेक बैरवा ने हासिल किया।




## गीता पाठशाला वीरपुर में मनाया होली स्नेह मिलन

**श्योपुर, 28 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय द्वारा व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से गीता पाठशाला वीरपुर में शनिवार को होली स्नेह मिलन मनाया गया।

अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने बताया कि हिंदू सनातन संस्कृति में होली का पर्व पवित्रता व सद्भाभाव का प्रतीक है, गीता पाठशाला वीरपुर की नियमित रूप से ज्ञान योग करने वाली माता बहनों के साथ होली के उपलक्ष में स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गीता पाठशाला की सीनियर सिटीजन मातृशक्ति का सम्मान किया गया तथा सभी माता बहनों को संकल्प दिलाया गया कि परिवार गांव तथा समाज में जो भी बड़े हैं चाहे उम्र में चाहे अनुभव में या किसी भी क्षेत्र में सदैव हमारे लिए आदरणीय है, उनका जीवन गरिमामय हो इस बात का हम सबको ख्याल रखना चाहिए, जब हम सभी इस बात का ध्यान रखेंगे तो निश्चित रूप से हमारे बच्चों में भी बड़ों के प्रति आदर भाव के संस्कार उत्पन्न होंगे जो की नए भारत के निर्माण के लिए तथा हम सभी के सुख में जीवन के लिए बहुत जरूरी है।

## ओरल हेल्थ चेकअप कैंप एवं व्याख्यानमाला आयोजित



**श्योपुर, 28 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के क्रम में आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप और व्याख्यानमाला का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हाल में संपन्न हुआ।

जिसमें जिला स्वास्थ विभाग की ओर से आई टीम ने डॉ. राधिका मित्तल के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का ओरल चेकअप किया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और ओरल चेकअप करवाया। इसी के साथ डॉ राधिका मित्तल ने ओरल हेल्थ को कैसे अच्छा रखें और कैसे अपने दांतों का बचाव करें विषय पर जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को नियमित ब्रश करने, जिसमें दिन में प्रात: व रात को सोने से पहले ब्रश करने की सलाह दी, उन्होंने बताया कि हमें नियमित रूप से अपने ओरल हेल्थ की जांच वर्ष में कम से कम एक या फिर हर छ: महीने में एक बार करवाना ही चाहिए जिससे हम किसी भी समस्या से खुद के दांतों का बचाव कर सकते हैं। साथ ही मित्तल ने तंबाकू, गुटखा एवं सिगरेट से होने वाले दुष्परिणामों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं इनसे खुद व परिजनों को बचने की सलाह भी दी।

### कराहल में दिव्यांगता शिविर आयोजित




**कराहल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कराहल में जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के यूडी आईडी प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 19 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें से 16 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कर यूडी आईडी कार्ड बनाये गए। शिविर में डॉ विष्णु गर्ग मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ अरशद अयूब मानसिक रोग विशेषज्ञ, राजकुमार नेत्र रोग सहायक, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, राजभान पटेल, अशोक यादव विशेष शिक्षक, रामवीर मीणा जी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं सुनील दत्त मिश्रा एमआरसीबीआरसी कार्यालय कराहल उपस्थित रहे।

# शिवपुरी

## एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ, 21 हजार किशोरियों को मिलेगा नि :शुल्क टीका

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 फरवरी।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ शुक्रवार को जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे आमजन अभियान के महत्व से सीधे जुड़ सके। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता एवं हरिओम राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता हरवीर सिंह रघुवंशी तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह के करकमलों से संपन्न हुआ।




उल्लेखनीय है कि एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का राष्ट्रीय शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर से किया गया, जिसका लाइव प्रसारण जिला चिकित्सालय शिवपुरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत देश की आधी आबादी महिलाओं के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने शिवपुरी जिले की महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा व एएनएम कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि एचपीवी एक सामान्य वायरस है, जिसके कुछ प्रकार सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनते हैं। यह संक्रमण प्रारंभिक अवस्था में लक्षण नहीं दिखाता, लेकिन समय रहते लगाया गया टीका भविष्य में कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर देता है। जिले में लगभग 21,000 ऐसी किशोरियां हैं, जिन्होंने 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वर्ष पूर्ण नहीं किए हैं। बाजार में जिसकी कीमत लगभग 4000 रुपये है, वही टीका शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क लगाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया अधिकारी अखिलेश शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फरार दो गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा, भेजे गए जेल

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के सख्त निर्देशों के तहत थाना फिजीकल पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। अवैध मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, खनन, शराब तथा अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत लंबे समय से फरार चल रहे दो गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अति. पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी शिवपुरी के मार्गदर्शन में 28 फरवरी 2026 को थाना फिजीकल पुलिस टीम ने



योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर 3 वर्ष से फरार गिरफ्तारी वारंटी बशीर खान पुत्र नसीर खान निवासी चीलोंद शिवपुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक एससी ईएलई/248/23 (विद्युत अधिनियम) में गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 01 वर्ष से फरार गिरफ्तारी वारंटी तैय्यूम खान पुत्र असलम खान निवासी चीलोंद घोसीपुरा शिवपुरी को प्रकरण क्रमांक 254/2025 (एनआई एक्ट) में धरदबोचा गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजे जाने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का भय स्थापित हुआ है और फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस की सतत निगरानी व सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नम्रता भदौरिया, उनि भावना राठौड़, प्रआर. सुभाष यादव, आर. राजदेव चौधरी, पंकज श्रीवास्तव तथा सै. मनोज शर्मा शामिल रहे।

## मारपीट कर तीन नाबालिग बच्चों को ले गया पति, सास पर बेचने की कोशिश का दावा

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 फरवरी।** जिले में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया है। पत्नी ने पति और सास पर मारपीट कर तीन नाबालिग बच्चों को जबरन ले जाने और मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

बैतूल निवासी मंगलवती आदिवासी ने बताया कि उसका विवाह सात वर्ष पूर्व ग्राम नीमडाडा, थाना देहात क्षेत्र के सुनील आदिवासी से हुआ था। दंपती के तीन बच्चे प्रिंस उम्र 6 वर्ष, प्रियल उम्र 4 वर्ष और रिया उम्र 2 वर्ष हैं। महिला का आरोप है कि पति शराब का आदी है और आए दिन मारपीट करता था। उसने यह भी दावा किया कि पति के



अपनी मामा की बेटी से अवैध संबंध हैं और विरोध करने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। पीड़िता के अनुसार, 26 फरवरी 2026 को दोपहर में पति और सास घर आए, उसके साथ मारपीट की और तीनों बच्चों को जबरन अपने साथ ले गए। महिला ने आशंका जताई है कि बच्चों के साथ गलत व्यवहार किया जा सकता है। मामले में सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवती ने कहा कि जब उसका पति अपनी मामा की बेटी के साथ चला गया था, तब उसकी सास ने उसे एक पंजाबी व्यक्ति को बेचने की कोशिश की थी, जिससे भयभीत होकर उसे घर छोड़ना पड़ा। वहीं, पति सुनील आदिवासी ने पत्नी के सभी आरोपों को निराधार बताया है। उसका कहना है कि पत्नी स्वयं बच्चों को लेकर घर छोड़कर चली गई थी और बाद में उसका एक्सीडेंट हुआ। पति ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उसकी पत्नी खरई गांव के हरवीर जाटव के साथ रहने लगी थी और उसके पहले भी अन्य लोगों से संबंध रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पति व सास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा बच्चों को अपनी सुपुर्दगी में दिलाने की मांग की है। मामला अब जांच के दायरे में है।

## प्रेम पूर्वक एवं सद्भाव के साथ मनायें होली : एसडीएम

नवभारत न्यूज

**पिछोर 28 फरवरी।** हिंदू एवं मुस्लिम त्यौहारों के बीच होली एवं ईद त्योहारों को लेकर शनिवार को पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती ममता शाक्य एवं एसडीओपी (पुलिस) प्रशांत शर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय पिछोर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी,हिन्दू तथा मुस्लिम समाज के धर्मगुरु,अधिकारीगण सहित सभी पत्रकार गण मौजूद रहे! शांति समिति की बैठक के दौरान



एसडीएम ममता शाक्य ने कहा कि होली पर्व रंगों का एक राष्ट्रीय त्योहार है इसे आपसी भाईचारे के रूप में मिलकर मनाए! उन्होंने कहा कि दोनों त्योहारों को आपसी प्रेम पूर्वक सद्भाव के साथ मनाएं जिससे एक अच्छा मैसेज देखने को मिले !वही एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि होलिका दहन परंपरागत स्थान पर ही हो किसी भी ऐसे स्थान पर ना हो जिस पर विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो, बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि समाजसेवी तथा पत्रकार लोगों से सुझाव हेतु प्रस्ताव लिए गए जिसमें मुस्लिम समाज के धर्म गुरुओं द्वारा नगर परिषद सीएमओ से ईद के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था हेतु सुझाव दिया गया वहीं कुछ लोगों द्वारा नगर में स्ट्रीट लाइट चालू रखने के लिए कहा जिस पर सीएमओ आनंद शर्मा द्वारा पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था हेतु टैंकर के लिए कहा गया वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में शांति का माहौल रहे, इसके लिए पुलिस द्वारा गाड़ी से गस्त की व्यवस्था की गई है।

## अवैध कच्ची शराब जब्त, चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी एवं अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सीहोर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में 27 फरवरी 2026 को थाना सीहोर पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान काकर हथेड़ा रोड, सिद्ध बाबा मंदिर के सामने ग्राम बिची क्षेत्र से आरोपी संतोष पुत्र हाकिम सिंह परिहार



उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम फूलपुर थाना सीहोर को अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से करीब 100 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 95 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 20/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी से थाना सीहोर के चोरी के अपराध क्रमांक 05/26 (धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस) में पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी की निशादेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण, घी, 10 हजार रुपये नगद सहित लगभग 90 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया।

## पुलिस ने 6 घंटे में जेल से फरार आरोपी दबोचा, बलात्कार का आरोपी फिर जेल पहुंचा

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के सख्त निर्देशन में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना पोहरी क्षेत्र की उपजेल से फरार हुए बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पुन: जेल दाखिल कर दिया। इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस की मुस्तैदी और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट संदेश गया है।

थाना पोहरी को उपजेल पोहरी से सूचना प्राप्त हुई थी कि अपराध क्रमांक 42/2026 के तहत गंभीर धाराओं बीएनएस की धारा 65(1), 64(2)(एम), 64(2)(एफ) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 5(डी), 5(एल), 5(एन), 6 में बंद आरोपी बादाम सिंह शाक्य 27 फरवरी 2026 को न्यायिक अभिरक्षा से फरार हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने तत्काल अनुभाग पोहरी के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस बल को अलर्ट कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पोहरी निरीक्षक नरेन्द्र कुशवाह ने त्वरित रणनीति बनाते हुए अलग-अलग टीमें गठित कीं। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी गई।

## कन्या छात्रावास में छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 28 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशों पर महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना फिजीकल पुलिस ने प्रभावी कदम उठाया है। इसी क्रम में 28 फरवरी 2026 को शासकीय अनुसूचित जाति संयुक्त सीनियर कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

अति. पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी शिवपुरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता



कार्यक्रम में फिजीकल थाना प्रभारी नम्रता भदौरिया ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक की लगभग 70 छात्राओं को महिला उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह तथा आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में डरने के बजाय तुरंत परिजनों, विद्यालय प्रबंधन अथवा पुलिस को सूचना दें। पुलिस टीम ने छात्राओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन 181 सहित अन्य सुरक्षा संसाधनों की जानकारी दी और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया।